अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी)
ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) की नियुक्ति

असम स्थित तेल क्षेत्रों के प्रबंधन के उद्देश्य से भारत सरकार और बर्मा ऑयल कंपनी लिमिटेड, यूके के बीच एक हिस्सेदारी उद्यम के रूप में भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) का गठन 1959 में किया गया था। 1981 में कम्पनी एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम बनी। विगत कई वर्षों में, भारत और विदेश में कंपनी का प्रचालन कई क्षेत्रों में फैला है। यह पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक अनुसूची–'ए' / नवरत्न सीपीएसई है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ओआईएल के पद के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार पूर्णकालिक / प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1) कार्य विवरण और उत्तरदायित्व

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कंपनी के मुख्य कार्यकारी होता है तथा अपने निदेशक मंडल और सरकार के प्रति जवाबदेह होता है। वह कंपनी के कॉर्पोरेट उद्देश्यों और कार्य निष्पादन मानकों को प्राप्त करने के लिये कंपनी और कॉर्पोरेशन के कुशल संचालन के लिए उत्तरदायी हैं।

2) पद का वेतनमान

₹ 80,000 – 1,25,000 प्रतिमाह + पीआरपी + अन्य ग्राह्य लाभ

3) पात्रता और योग्यता / अनुभव

i. आयु 01.01.2016 को न्यूनतम आयु 45 वर्ष और अधिकतम आयु 57 वर्ष होनी चाहिए।

ii. योग्यता और अनुभव

आवेदक किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से स्नातक होना चाहिए और उसका शैक्षणिक रिकॉर्ड अच्छा होना चाहिए। उन्हें किसी प्रतिष्ठित बड़े संगठन में प्रबंधन के एक वरिष्ठ स्तर पर पर्याप्त अनुभव होना चाहिए।

तकनीकी / एमबीए योग्यता रखने वाले व्यक्तियों, जिन्हें प्रबंधन में अनुभव हो और वित्त एवं विपणन / उत्पादन में अच्छी जानकारी हो, को अतिरिक्त लाभ के तौर पर माना जाएगा। पेट्रोलियम / तेल उद्योग में ज्ञान और अनुभव वांछनीय है।

ए). केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसई) के अधिकारियों के लिए

विज्ञापन की तिथि को उम्मीदवार निम्नलिखित अथवा उच्च वेतनमान में कार्यरत होना चाहिए:

एक अनुसूची 'ए' सीपीएसई के कार्यकारी निदेशक या समतुल्य

बी). केन्द्र सरकार / संघ की सशस्त्र सेनाओं / अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों के लिए

पद को तत्काल आमेलन करने के नियम से छूट दी गई है तथा उम्मीदवार प्रतिनियुक्ति के आधार पर भी आवेदन कर सकते हैं। विज्ञापन की तिथि को उम्मीदवार निम्नलिखित या उच्च वेतनमान / रैंक में कार्यरत होना चाहिए:

- केन्द्र सरकार / अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी, जो संयुक्त सचिव के स्तर या समकक्ष वेतनमान में हैं
- सशस्त्र सेना के अधिकारी जो मेजर जनरल के रैंक या नौसेना / वायु सेना में समकक्ष रैंक पर हैं

सी). निजी क्षेत्र के लिए

उम्मीदवार को किसी प्रतिष्ठित संगठन में योग्यता पश्चात् कम से कम 20 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें से कम से कम 3 वर्ष का अनुभव बोर्ड स्तर पर तेल एवं गैस कंपनी में निदेशक स्तर पर होना चाहिए।

4) नियुक्ति की अवधि

प्रारंभ में नियुक्ति की अवधि पांच वर्ष या सेवानिवृत्ति की तिथि, जो भी पहले हो, से अधिक नहीं होगी।

5) आवेदन जमा करना

आवेदन के साथ आवेदक का जीवन–वृत्त और एक संक्षिप्त टिप्पणी, जो ए4 साइज के 2 पृष्ठ से अधिक न हो, संलग्न होना चाहिए जिसमें उनके द्वारा अपने करियर में प्राप्त उत्कृष्ट उपलब्धियों और भारत में तेल / पेट्रोलियम क्षेत्र के विकास के लिए उनके दृष्टिकोण का उल्लेख होना चाहिए।

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र से संभावित उम्मीदवार और सरकारी अधिकारी अपने आवेदन–पत्र अनुलग्नक में दिए गए प्रपत्र, जिन्हें लोक उद्यम चयन बोर्ड (http://www.pesb.gov.in) की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, के अनुसार उचित माध्यम से भेज सकते हैं।

6) सभी आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ आवेदन 10 मार्च 2016 या उससे पहले तक पहुंच जाने चाहिए।

7) खोज–सह–चयन समिति भी इस पद के लिए पात्र और योग्य उम्मीदवारों का नामांकन कर सकती है। समिति उत्कृष्ट उम्मीदवारों के संबंध में पात्रता, आयु और योग्यता / अनुभव मापदंड में छूट की सिफारिश कर सकती है।

आवेदन प्रेषित करने का पता:

उप सचिव (सीए), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, कमरा नं. 204–बी, शास्त्री भवन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली–110001, फोन नं. 011–23387936